# झारखंड के उग्रवाद प्रभावति क्षेत्र की 58 सड़कों और 26 पुलों को केंद्र से मिली स्वीकृति

## चर्चा में क्यों?

31 जनवरी, 2022 को केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय ने झारखंड के अति उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों के लिये 361 किमी. सड़क योजना और 26 पुल योजनाओं को स्वीकृति दे दी। इसके तहत राज्य में कुल 58 सड़कों का निर्माण किया जाएगा।

## प्रमुख बिंदु

- बैठक में झारखंड की ओर से शामिल हुए एक अधिकारी ने बताया कि ये सड़कें अति उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों के लिये केंद्र के प्रोजेक्ट आरसीपीएलडब्ल्यूई योजना के दूसरे फेज के तहत बनाई जानी हैं। झारखंड सरकार की ओर से योजनाओं की डीपीआर (डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट) पेश की गई, जिसे मंजूरी दे दी गई।
- कुल 58 ग्रामीण सड़कों व 26 पुलों के निर्माण के लिये केंद्र सरकार 188 करोड़ रुपए की राशि आवंटित करेगी, वहीं झारखंड सरकार 127 करोड़ रुपए देगी।
- इसके अलावा केंद्र सरकार ने अतिरिक्त 71 किमी. की सड़क योजनाओं को भी स्वीकृति दे दी है। इसके लिये अभी केंद्र के स्तर पर बैठक होगी। दो-तीन चरणों की बैठक में सहमति बनने के बाद इस पर अंतिम रूप से सहमति दी जाएगी।
- उग्रवाद प्रभावित गढ़वा जिले के बड़गड एवं रमकंडा में आरसीपीएलडब्ल्यूइए से नौ सड़कें बनेंगी। कुल 78 किमी. लंबी इन सड़कों के निर्माण पर लगभग 72 करोड़ रुपए की लागत आएगी।
- उल्लेखनीय है कि अक्तूबर 2021 में राज्य के नक्सल प्रभावित क्षेत्र में इस योजना के पहले चरण के तहत 125 सड़कों और 71 पुलों के निर्माण की योजना स्वीकृत की गई थी। इन योजनाओं पर 765 करोड़ रुपए की राशि मंजूर की गई है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/58-roads-and-26-bridges-in-the-insurgency-affected-area-of-jharkhand-got-approval-from-the-center